भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 2663
11 अगस्त, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

कन्या भ्रूण हत्या

2663 श्री देरेक ओब्राईन:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले तीन वर्षों में दर्ज किए गए कन्या भ्रूण हत्या के मामलों की संख्या का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) पिछले तीन वर्षों में उन दर्ज मामलों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है जिनमें अस्पतालों ने अवैध रूप से लिंग-निर्धारण संबंधी परीक्षण किया है;
(ग) क्या सरकार ने बाल लिंगानुपात में कन्याओं की स्थिति में सुधार सुनिश्चित करने के लिए कोई सर्वेक्षण किया है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(घ) नियमों के उल्लंघन का पता लगाने के लिए अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर स्वास्थ्य विभागों द्वारा किए जा रहे निरीक्षणों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क) राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी अनुलग्नक-I में दी गई है।

(ख) राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी अनुग्नक-II में दी गई है।

(ग) भारत के महारजिस्ट्रार के कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार, वर्ष 2022-24 के लिए भारत तथा निवास के आधार पर बड़े राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में जन्म के समय लिंगानुपात (प्रति 1,000 पुरुषों पर महिलाओं की संख्या) 'नमूना पंजीकरण प्रणाली- सांख्यिकीय रिपोर्ट 2024' (विवरण 16, पृष्ठ-66) में उपलब्ध है। उक्त आंकड़े निम्नलिखित लिंक पर देखे जा सकते हैं:
https://censusindia.gov.in/nada/index.php/catalog/47152

नमूना पंजीकरण प्रणाली (एसआरएस) के अनुसार, जन्म के समय राष्ट्रीय लिंगानुपात (एसआरबी) वर्ष 2014-16 के दौरान 898 (प्रति 1,000 पुरुषों पर महिलाएं) से बढ़कर वर्ष 2022-24 के दौरान 918 (प्रति 1,000 पुरुषों पर महिलाएं) हो गया है। प्रमुख कार्यकलापों में गर्भाधान-पूर्व और प्रसव-पूर्व निदान तकनीक (लिंग चयन प्रतिषेध) अधिनियम के सुदृढ़ कार्यान्वयन तथा जागरूकता और संवेदनशीलता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से निरंतर किए जा रहे प्रयास शामिल हैं।

(घ) गर्भाधान-पूर्व और प्रसव-पूर्व निदान तकनीक (लिंग चयन प्रतिषेध) अधिनियम, 1994 के प्रावधानों के अनुसार, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों द्वारा गर्भाधान-पूर्व और प्रसव-पूर्व निदान तकनीक अधिनियम (पीसी एवं पीएनडीटी अधिनियम) के अंतर्गत अधिसूचित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र समुचित प्राधिकारी तथा जिला समुचित प्राधिकारी, उक्त अधिनियम की धारा 17 के अंतर्गत निरीक्षण करते हैं।

******

11.08.2026 के राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2663 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

अनुलग्नक-I

वर्ष 2022-2024 के दौरान बच्चों के विरुद्ध अपराध के अंतर्गत भ्रूण हत्या के मामलों में पीड़ित बालिकाओं की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या				
क्र. सं.	**राज्य/संघ राज्य क्षेत्र**	**2022**	**2023**	**2024**
1	आंध्र प्रदेश	1	0	0
2	अरुणाचल प्रदेश	0	0	0
3	असम	0	0	3
4	बिहार	0	0	0
5	छत्तीसगढ़	11	12	18
6	गोवा	0	0	0
7	गुजरात	2	1	2
8	हरियाणा	10	1	8
9	हिमाचल प्रदेश	0	0	0
10	झारखंड	7	0	5
11	कर्नाटक	1	1	3
12	केरल	0	0	0
13	मध्य प्रदेश	3	10	18
14	महाराष्ट्र	10	3	15
15	मणिपुर	0	0	0
16	मेघालय	0	0	0
17	मिजोरम	0	0	0
18	नागालैंड	0	0	0
19	ओडिशा	0	0	0
20	पंजाब	7	1	4
21	राजस्थान	6	2	5
22	सिक्किम	0	0	0
23	तमिलनाडु	0	0	2
24	तेलंगाना	0	1	2
25	त्रिपुरा	0	0	0
26	उत्तर प्रदेश	0	4	4
27	उत्तराखंड	0	1	1
28	पश्चिम बंगाल	0	0	3
29	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	0	0	0
30	चंडीगढ़	0	0	0
31	दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव	0	0	0
32	दिल्ली	2	0	1
33	जम्मू और कश्मीर	1	0	4
34	लद्दाख	0	0	0
35	लक्षद्वीप	0	0	0
36	पुडुचेरी	0	0	0
	कुल (अखिल भारत)	**61**	**37**	**98**

स्रोत: क्राइम इन इंडिया (राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो)

11.08.2026 के राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2663 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

अनुलग्नक-II

भ्रूण के लिंग की जानकारी देने के लिए पंजीकृत मामलों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या				
क्र. सं.	**राज्य/संघ राज्य क्षेत्र**	**2023**	**2024**	**2025**
1	आंध्र प्रदेश	1	0	1
2	अरुणाचल प्रदेश	0	0	0
3	असम	0	0	0
4	बिहार	0	0	0
5	छत्तीसगढ़	0	0	0
6	गोवा	0	0	0
7	गुजरात	4	19	5
8	हरियाणा	27	15	64
9	हिमाचल प्रदेश	0	0	0
10	झारखंड	0	0	4
11	कर्नाटक	3	2	3
12	केरल	0	0	0
13	मध्य प्रदेश	0	0	0
14	महाराष्ट्र	0	1	0
15	मणिपुर	0	0	0
16	मेघालय	0	0	0
17	मिजोरम	0	0	0
18	नागालैंड	0	0	0
19	ओडिशा	0	0	0
20	पंजाब	1	2	0
21	राजस्थान	2	6	3
22	सिक्किम	0	0	0
23	तमिलनाडु	8	2	0
24	तेलंगाना	0	0	1
25	त्रिपुरा	0	0	0
26	उत्तराखंड	0	0	0
27	उत्तर प्रदेश	1	0	0
28	पश्चिम बंगाल	0	0	0
29	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	0	0	0
30	चंडीगढ़	0	0	0
31	दमन और दीव तथा दादरा और नगर हवेली	0	0	0
32	दिल्ली	6	1	2
33	जम्मू और कश्मीर	0	0	0
34	लद्दाख	0	0	0
35	लक्षद्वीप	0	0	0
36	पुडुचेरी	0	0	0
	कुल	**53**	**48**	**83**

स्रोत: राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों द्वारा प्रस्तुत त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट।

*****